**श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 28.11.2024 को अयोध्या मण्डल, अयोध्या में आयोजित पूर्वान्चल विकास बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक की उपस्थिति संलग्न है।

2- सर्वप्रथम आयुक्त, अयोध्या मण्डल, अयोध्या द्वारा पूर्वान्चल विकास बोर्ड के मा0 उपाध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह, बोर्ड के उपस्थित मा0 सदस्यगण, नियोजन विभाग के अधिकारियों तथा अन्य मण्डलीय अधिकारियों का स्वागत किया गया।

3- आयुक्त, अयोध्या मण्डल, अयोध्या द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्वान्चल क्षेत्र में अयोध्या का विशिष्ट स्थान है। इस मण्डल के अन्तर्गत अयोध्या, बाराबंकी, अम्बेडकर नगर, सुल्तानपुर एवं अमेठी जनपद आते हैं। प्रशासनिक दृष्टि से मण्डल में 25 तहसीलें, 62 विकासखण्ड एवं 7428 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं। मण्डल का भौगोलिक क्षेत्रफल 14 हजार 210 वर्ग कि0मी0 है। मण्डल की कुल जनसंख्या 124.29 लाख (वर्ष 2011) है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीराम का भव्य मन्दिर होने के कारण यह जनपद धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है, जिसके कारण अयोध्या के साथ-साथ मण्डल के अन्य जनपदों में भी विकास की अपार सम्भावनायें हैं। मण्डल में कुल रु0 23199.27 करोड़ लागत की 766 परियोजनाओं के सापेक्ष 344 परियोजनायें पूर्ण तथा शेष परियोजनायें निर्माणाधीन हैं। जनपद अयोध्या में कुल रु0 6487.85 करोड़ लागत की 191 परियोजनाओं के सापेक्ष 80 परियोजनायें पूर्ण तथा शेष परियोजनायें निर्माणाधीन हैं। प्रमुख पूर्ण परियोजनाओं के अन्तर्गत महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का विस्तारीकरण, रामपथ, जन्मभूमि पथ, धर्मपथ तथा मल्टीलेवल पार्किंग आदि सम्मिलित है। वर्तमान में चौदह कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के विस्तारीकरण का कार्य भी प्रगति पर है।

4- निदेशक, क्षेत्रीय नियोजन प्रभाग/ सचिवालय-पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा पूर्वांचल विकास बोर्ड के गठन, उद्देश्य एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया गया कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से पूर्वांचल क्षेत्र के विकास को गति प्रदान करने के लिए परामर्शी संस्था के रुप में पूर्वांचल विकास बोर्ड का गठन हुआ है। इस बोर्ड का प्रमुख कार्य प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र के विकास हेतु सुझाव देना है। इस बोर्ड की प्रथम बैठक जुलाई, 2019 में मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में लोक भवन, लखनऊ में सम्पन्न हुई थी। तत्पश्चात् मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार इस बोर्ड की बैठकें पूर्वांचल सम्भाग के विभिन्न मण्डलों में आयोजित हो रही है। इस क्रम में अयोध्या मण्डल, अयोध्या में बोर्ड की यह सत्रहवीं बैठक है। पूर्वांचल विकास बोर्ड की सम्पादित बैठकों के कार्यवृत्तों को सम्बन्धित विभागों को सम्यक परीक्षण कर परीक्षण आख्या/कृत कार्यवाही की स्थिति उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित किया जाता है जिसके क्रम में विभागों से प्राप्त परीक्षण आख्या से मा0 पदाधिकारीगणों को समय-समय पर अवगत कराया जा रहा है।

5- श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वांचल विकास बोर्ड द्वारा बोर्ड के मा0 पदाधिकारियों, मण्डलायुक्त अयोध्या, विशेष सचिव, नियोजन, अयोध्या मण्डल के अन्तर्गत आने वाले जनपदों

के मुख्य विकास अधिकारियों तथा सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त किया गया। तत्पश्चात् मा0 उपाध्यक्ष द्वारा बोर्ड के मा0 पदाधिकारीगणों को अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया।

6- श्री विजय विक्रम सिंह, मा0 सदस्य, पूर्वांचल विकास बोर्ड द्वारा निम्न कार्यों को कराये जाने पर बल दिया गया:-

- प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वाबलंबन (एग्री जंक्शन) योजना के अंतर्गत किसानों को उनके फसल उत्पादन के लिए पूर्वांचल क्षेत्र में ग्राम पंचायत स्तर पर वन स्टॉप शाप (एग्री जंक्शन) स्थापित किये जाने चाहिए जिसमें उच्च गुणवत्ता के बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, वर्मी कम्पोस्ट, कीटनाशक, जैव कीटनाशक सहित समस्त कृषि निवेशों की आपूर्ति, प्रसार सेवाएं, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, लघु कृषि यंत्रों को किराए पर देने, विभिन्न कृषि योजना यथा- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि पर परामर्शी सेवाएं दी जानी चाहिए। इसके साथ ही एग्री जंक्शन पर पशु आहार, कृषि उत्पाद की बिक्री, मौसम, विपणन व अन्य संबंधित सूचनाओं की उपलब्धता के साथ ही इनसे युवा कृषि स्नातकों को जोड़ा जाना चाहिए।
- पूर्वांचल के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु निजी क्षेत्र में भी औद्योगिक पार्कों को विकसित किया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र के इन औद्योगिक पार्कों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों के लिए आरक्षित कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जानी चाहिए।
- पूर्वांचल के किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने हेतु व्यापक स्तर पर फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जानी चाहिए। इन फूड प्रोसेसिंग यूनिट को दिए जाने वाले अनुदान हेतु फूड प्रोसेसिंग में अनुभवी तथा पाठ्यक्रम चलाने वाले संस्थानों और कालेजों को सूचीबद्ध करके परियोजना और प्रस्ताव के मूल्यांकन का सत्यापन कराया जाना चाहिए।
- अयोध्या में अयोध्या जिला, अयोध्या में अवध, अयोध्या में उत्तर प्रदेश, अयोध्या में भारत, अयोध्या में मित्र राष्ट्र तथा अयोध्या में विश्व को रेखांकित करता मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के स्वरूप का दर्शन एवं पूरे विश्व में भगवान श्री राम से जुड़े जो भी विषय हैं, को प्रदर्शित करता एक संग्रहालय बनाना आवश्यक है। देश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों की झांकी, देश के महान संतों की झांकी, देश के महान समाज सुधारकों की झांकी और उनका विवरण इस संग्रहालय में होना चाहिए। इसी प्रकार जनकपुर के बिना अयोध्या अधूरी होने के कारण जनकपुर के विषय भी इस संग्रहालय में होने चाहिए। भगवान श्री राम का कर्नाटक, तमिलनाडु, श्रीलंका, इंडोनेशिया तथा मॉरीशस आदि राज्यों/ राष्ट्रों से रहे संबंधों से जुड़ी जानकारियां भी अयोध्या में विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को मिलनी चाहिए।
- वाल्मीकि रामायण में वर्णित वनस्पतियों को रोपित करने की व्यवस्था अयोध्या नगर के साथ-साथ पूरे 84 कोसी परिक्रमा में किये जाने पर विचार करना तथा उनके पौराणिक नाम, वर्तमान नाम और वानस्पतिक नाम का भी उल्लेख किया जाना।

- 84 कोसी परिक्रमा पर पड़ने वाले धार्मिक स्थलों यथा-मंदिर एवं मठ आदि पर उठने, बैठने तथा विश्राम के साथ-साथ प्रकाश एवं शौचालय आदि की व्यवस्था करायी जानी चाहिए।
- 84 कोसी परिक्रमा के बजट को त्वरित गति से निर्गत करने तथा सम्बन्धित परियोजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाना चाहिए। इसके साथ ही परिक्रमा मार्ग पर सरयू नदी पर अति शीघ्र पुल बनाया जाना आवश्यक है।
- अयोध्या जनपद में सुल्तानपुर मार्ग पर अधूरे पड़े अंबेडकर स्टेडियम का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराया जाना।
- अयोध्या जनपद में एक इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना और पुराने आई0टी0आई0 कॉलेज को अपग्रेड करने की आवश्यकता है।
- अमेठी जनपद के विकासखण्ड भादर में श्री दूल्हे राय स्टेडियम का निर्माण गाजीपुर ग्रामसभा में कराया जाना।
- अयोध्या में निषाद राज की भव्य प्रतिमा स्थापित किया जाना।
- अम्बेडकर नगर के कटेहरी विधानसभा के अंतर्गत भीटी दहेमा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराया जाना।
- अम्बेडकर नगर के भीटी ब्लॉक के अंतर्गत दहेमा में बेहतर विद्युत व्यवस्था हेतु फीडर की स्थापना कराया जाना।
- सरकारी और निजी अस्पतालों के आई0सी0यू0, एन0आई0सी0यू0, सी0सी0यू0 आदि में फायर एक्सक्टिंगुसर तथा खिड़की आदि की उचित व्यवस्था किया जाना।
- अयोध्या मंडल में भगवान राम से जुड़े सभी तीर्थ स्थलों को श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र से जोड़कर विकसित कराया जाना।
- जनपद अम्बेडकर नगर की कटेहरी विधानसभा में पौराणिक श्रवण क्षेत्र का विकास किया जाना।
- जनपद अयोध्या के माया बाजार के समीप स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम का जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण कराये जाने के साथ ही आश्रम के समीप घाट पर सीढ़ी का निर्माण, नहाने के लिए जंजीर और महिलाओं के उपयोगार्थ चेंजिंग रूम का निर्माण कराया जाना।
- पौराणिक महत्व की तमसा नदी का पुनरुत्थान कराया जाना।
- तमसा नदी को अतिक्रमण मुक्त कराया जाना।
- जनपद अयोध्या में स्थित भरत कुंड का सुंदरीकरण तथा तालाब के पानी की साफ-सफाई कराया जाना।
- जनपद अयोध्या में हार्ट और कैंसर यूनिट की स्थापना तथा इनसे संबंधित चिकित्सकों की नियुक्ति कराया जाना।
- धान क्रय केंद्रों पर नियमानुसार क्रय की व्यवस्था सुनिश्चित कराना।
- कृषकों की खतौनी का तीन दिन के अंदर सत्यापन कराया जाना।

- जनपद अयोध्या के बीकापुर की ग्रामसभा सरियावां में स्थित पौराणिक राम जानकी मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य कराये जाने के साथ ही ग्रामसभा के उत्तर दिशा में स्थित बड़ी झील का सुंदरीकरण और पक्षी बिहार के रूप में विकसित कराया जाना।
- उत्तर प्रदेश में लगभग 01 लाख हेक्टेयर भूमि पर किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती के माध्यम से केमिकल फ्री खाद्यान्न का उत्पादन किया जा रहा है जिससे सिंचाई जल की भी बचत हो रही है। अत: इसे और प्रोत्साहन दिये जाने की आवश्यकता है।
- डी0ए0पी0 खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करना।
- आध्यात्मिक व पर्यटन के क्षेत्र में विकास करने के साथ ही रोजगार सृजन की दृष्टि से भी अयोध्या मण्डल में प्रयास किये जाने चाहिए।
- बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में शिक्षा मित्रों की भी जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए।
- प्रधानाध्यापक का पद छात्र संख्या के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए।
- मध्यान्ह भोजन योजना में छात्रों को फल, सब्जी, दाल, मौसमी सब्जी, सोयाबीन युक्त तहरी के साथ दूध, भुना चना आदि के समुचित वितरण हेतु इन सामग्रियों के लिए प्रति छात्र मिलने वाली धनराशि पर्याप्त न होने के कारण इनमें वृद्धि किये जाने की आवश्यकता है।
- प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को 2 जोड़ी यूनिफॉर्म, 1 स्वेटर, 1 जोड़ी जूता मोजा, 1 बैग और साल भर की कॉपी, पेन आदि के लिए ₹ 1200.00 की धनराशि दी जाती है जिसमें गुणवत्ता युक्त सामग्री मिलना सम्भव नहीं हो पा रहा है। अत: इन मदों में पर्याप्त धनराशि दिये जाने पर विचार किया जाना चाहिए।
- प्राथमिक विद्यालयों में प्रति वर्ष मरम्मत, रंगरोगन, स्टेशनरी, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति तथा बिजली आपूर्ति आदि मदों हेतु सरकार से मिलने वाली धनराशि छात्र संख्या पर आधारित होती है जिसे सभी विद्यालयों के लिए एक समान करने की आवश्यकता है।
- बेसिक विद्यालयों के उत्थान हेतु संचालित योजनाओं की समयावधि न्यूनतम 05 साल होनी चाहिए।
- बेसिक विद्यालयों हेतु संचालित प्रेरणा योजना तथा निपुण योजना पर सार्थक कार्य करने की आवश्यकता है।
- स्टेट रिसोर्स पर्सन तथा एकेडमिक रिसोर्स पर्सन को बेस्ट प्रैक्टिसेस को साझा करने, अपने विद्यालय को निपुण बना कर उदाहरण प्रस्तुत करने तथा सहयोगी पर्यवेक्षण करने हेतु नामित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में उनके द्वारा आवंटित कार्यों पर ही ध्यान दिया जाना चाहिए।
- बेसिक विद्यालयों में लागू योजनाओं के सम्बन्ध में अध्यापकों से फीडबैक लिये जाने पर विचार किया जाना चाहिए।
- बेसिक विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाने हेतु उपाय किये जाने की आवश्यकता है जिसमें उदाहरण के तौर पर सुबह का नाश्ता दिये जाने पर विचार किया जाना चाहिए।

- बेसिक विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाने के लिए निरन्तर उपस्थिति वाले छात्रों को इनाम दिये जाने पर विचार किया जाना चाहिए।
- मध्यान्ह भोजन योजना में वितरित होने वाले भोजन को अध्यापकों हेतु आवश्यक किये जाने पर विचार करना।
- मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता उच्चस्तरीय किये जाने पर विचार करना।
- विकासखंड स्तर पर होने वाली समस्त मीटिंग विद्यालय समय में एक दिवस पर किये जाने के साथ ही मीटिंग पश्चात गोपनीय फीडबैक लिया जाना।
- अध्यापकों के मध्य गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु साल में एक बार परीक्षा का आयोजन कर अच्छे अंक प्राप्त करने वाले अध्यापकों को वेतन के साथ कुछ प्रोत्साहन राशि दिया जाना।
- जनपद अमेठी में जगदीशपुर-अयोध्या मार्ग NH 330A पर उपाध्याय ढाबा से गांव पूरे लादी शुक्ल मंदिर होते हुए मौजा कटेहठी तक पक्की सड़क का निर्माण किया जाना (लगभग 600 मीटर)।
- जनपद अमेठी में NH-931A, जायस-जगदीशपुर रोड से रुद्रगढ़ होते हुए पूरे दाऊद और पूरे हुसैनी तक पक्की सड़क का निर्माण किया जाना।
- नंदी (बैल) को कृषि कार्य हेतु रखने वाले कृषकों को जैविक कृषि कार्य से जोड़ा जाना।
- ग्रामसभा स्तर पर दिए जाने वाले पशु शेड में गौ मूत्र के संचय हेतु व्यवस्था की जानी चाहिए तथा इस गौ मूत्र का कीटनाशक में प्रयोग किया जाना चाहिए।
- पशु चारे के लिए बहु वर्षीय चरी (नेपियर घास) की अच्छी किस्मों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए तथा ग्रामसभा में गौचर भूमि पर नेपियर चरी की बुवाई की जानी चाहिए।
- ग्रामसभा स्तर पर संचालित गौ आश्रय स्थलों को उत्कृष्टता के आधार पर जिला स्तर पर सम्मानित किया जाना।
- ग्रामसभा स्तर पर ग्रेन बैंक और भूसा बैंक की स्थापना किया जाना।
- श्वेत वाराह क्षेत्र एवं दंडेश्वर भगवान के मंदिर को तीर्थक्षेत्र के रूप में विकसित किया जाना।
- ग्रामसभा डीह, विकासखण्ड बल्दीराय, जनपद सुल्तानपुर में बालिका विद्यालय की स्थापना कराया जाना।
- पूर्वान्चल क्षेत्र में भगवान राम, भगवान शंकर, आदिशक्ति मां विंध्यवासिनी, तीर्थराज प्रयाग, बाबा गोरखनाथ, देवीपाटन मंदिर, बौद्ध तीर्थ आदि स्थित हैं। इन धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं के साथ होने वाले व्यवहार, पैसा (दक्षिणा) और गंदगी पर नियंत्रण आवश्यक है।
- जनपद सुल्तानपुर में पांडे बाबा, विजेथुआ महावीरन और धोपाप को तीर्थक्षेत्र के रूप में विकसित किया जाना।
- जनपद सुल्तानपुर का नाम उसके पौराणिक महत्व को देखते हुए कुश भवन पुर किया जाना।
- पूर्वान्चल क्षेत्र के किसानों को मोटे अनाज के संशोधित और प्रमाणित बीज ग्राम स्तर पर वितरित कराया जाना।
- उ0प्र0 मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम को ग्राम स्तर पर क्रियान्वित किया जाना।

- जनपद अम्बेडकर नगर के पुराने बस स्टॉप पर शौचालय एवं स्नान गृह का निर्माण कराया जाना।
- खेलकूद को प्रोत्साहन देने तथा बच्चों को खेलने के लिए स्थान उपलब्ध कराने के दृष्टिगत प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर स्टेडियम का निर्माण किये जाने पर विचार किया जाना।
- पूर्वान्चल क्षेत्र के मछुआरों के लिए मछुआरा कल्याण कोष की स्थापना कराना।
- पूर्वान्चल क्षेत्र के परम्परागत गीत संगीत, सोहर, बिरहा, आल्हा, नकटा, कजरी, फगुआ आदि गायन और संगीत को प्रोत्साहन दिया जाना।
- पूर्वान्चल क्षेत्र के अयोध्या, काशी तथा प्रयागराज में से किसी एक जगह वेद विश्वविद्यालय की स्थापना किया जाना।
- पूर्वान्चल क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषाओं यथा- अवधी, भोजपुरी के शब्दों (पहुड़ब, काढ़ब निकारब, निपोरे, बहारब, लफंगा, आवारा, बहेल्ला, बौरहा) को लिपिबद्ध कर संरक्षित किये जाने के साथ-साथ इन्हें आम बोलचाल की भाषा हेतु संग्रहित किया जाना।
- पूर्वान्चल क्षेत्र के पारम्परिक त्योहारों यथा- गुड़िया, फगुई, दिवाली तथा दशहरा को ग्राम स्तर पर रचनात्मक रूप से मनाए जाने की व्यवस्था किया जाना।
- पूर्वान्चल क्षेत्र के व्यंजन यथा- फरा, गुलगुला, निमोना, सकपतिता, कढ़ी, फूलौरी, बाटी चोखा आदि को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना।
- जनपद अमेठी में औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर की जीर्ण-शीर्ण सड़कों की मरम्मत कराया जाना।
- जनपद अमेठी के विकासखण्ड सिंहपुर में पाण्डव कालीन माँ अहोरवा भवानी धाम और ग्राम पवारा स्थित पाण्डव कालीन शिव मंदिर का विकास एवं सुंदरीकरण कराये जाने के साथ ही धर्मशाला, बाउण्ड्रीवाल तथा मंदिर तक सड़क आदि का निर्माण कराया जाना।
- जनपद सुल्तानपुर में सहकारी चीनी मिल का पुनरुद्धार कराया जाना।
- जनपद अमेठी के जामों विकासखण्ड के अंतर्गत ग्रामसभा भीखीपुर से पूरे बख्तावर होते हुए बरौलिया संपर्क मार्ग के टेण्डर की स्वीकृति के एक साल व्यतीत होने के उपरान्त अभी तक निर्माण कार्य प्रारम्भ न होने के दृष्टिगत इस सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य यथाशीघ्र कराया जाना।
- जनपद अमेठी के गौरीगंज विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम सराय भागमानी में 50 एकड़ में फैले तालाब का सुंदरीकरण कराया जाना।
- जनपद अमेठी के विकासखण्ड शाहगढ़ में गौरीगंज-मुसाफिखाना मार्ग पर ग्रामसभा दक्खिन गांव के अंतर्गत ग्राम पछेला में मलिन बस्ती तक सड़क निर्माण किया जाना।
- जनपद अमेठी में जौनपुर ब्रांच (शारदा सहायक खण्ड 49) के किनारे पूरे दरियाब ग्रामसभा जनापुर में सड़क का निर्माण किया जाना।
- जनपद सुल्तानपुर के विकासखण्ड बल्दीराय की ग्रामसभा डीह में बारात घर का निर्माण किया जाना।

- जनपद सुल्तानपुर के चार नंबर चौराहे से मैघमऊ होते हुए बल्दीराय ब्लॉक मुख्यालय जाने वाली सड़क का निर्माण किया जाना।
- जनपद सुल्तानपुर के विकासखण्ड बल्दीराय में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से पूरे बद्री अहीर के पुरवा तक सड़क का निर्माण किया जाना।
- जनपद अमेठी के औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में एस0 लाल फैक्ट्री से रोली सिंह के प्लॉट तक सड़क निर्माण किया जाना।
- जनपद अमेठी में विकासखण्ड मुसाफिरखाना के अंतर्गत सुल्तानपुर-लखनऊ हाइवे से कर्पिया रसूलाबाद तक सड़क की मरम्मत कराया जाना।
- जनपद बलिया मुख्यालय पर रिंग रोड का निर्माण कराया जाना।
- जनपद अमेठी में स्थित सभी 13 सी0एच0सी0 पर एक्स-रे जॉच की व्यवस्था कराया जाना।
- जनपद अमेठी के जिला चिकित्सालय पर एम0आर0आई0 की स्थापना कराया जाना।
- जनपद अमेठी के जगदीशपुर में स्थित सी0एच0सी0 पर 50 बेड के बनाये गये नये फील्ड हास्पिटल को हस्तान्तरित (हैण्डओवर) कराया जाना।
- जनपद अमेठी की सभी सी0एच0सी0 को कम्प्यूटराइज्ड कराया जाना।
- जनपद अयोध्या एवं अमेठी की सभी सी0एच0सी0 पर रैन बसेरों का निर्माण कराया जाना।
- जनपद बाराबंकी के विकासखण्ड बनीकोडर, तहसील रामसनेही घाट के ग्राम धुनौली ठकुरान मुख्य मार्ग से बाबा लक्ष्मण दास की कुटिया होते हुए ग्राम पंचायत मऊ गौरपुर तक सड़क का निर्माण कराया जाना।
- जनपद अयोध्या में राजेपुर मुख्य मार्ग से माईराम की कुटिया तक डामर रोड का निर्माण कराया जाना (लगभग 01 कि0मी0)।
- जनपद अयोध्या में सनेथू लक्ष्मणपुर सम्पर्क मार्ग से रामकरन मौर्या की चक्की से होते हुए पवन मौर्या के खेत तक डामर सड़क का निर्माण कराया जाना (लगभग 500 मी0)।
- जनपद अयोध्या में रामपुर हलवारा माझा मे झगरू पुरवा से विजय यादव के घर से होते हुए भोखल निषाद के घर तक डामर सड़क का निर्माण कराया जाना (लगभग 1.50 कि0मी0)।
- जनपद अयोध्या में कांदीपुर नारे पक्की सड़क से पुलिया के पास रणविजय सिंह के खेत तक डामर सड़क का निर्माण कराया जाना (लगभग 01 कि0मी0)।
- जनपद बस्ती में विकास खण्ड गौर, तहसील हरैया के ग्राम पंचायत इटबहरा में सरयू नहर परियोजना खण्ड 3 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत इटबहरा के पश्चिम भाग की पुलिया से पूर्व गौर हलुआ मार्ग पुलिया तक नहर के किनारे सड़क का निर्माण कराया जाना (लगभग 01 कि0मी0)।
- कुमारगंज, जनपद अयोध्या में 100 शैय्या हास्पिटल में हार्ट चिकित्सक की नियुक्ति कराया जाना।
- राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज, दर्शन नगर, अयोध्या में कैंसर संस्थान का निर्माण कराया जाना।

- जनपद अयोध्या में नरियांवा मे संतोष दूबे के घर से मुसाफिर सिंह के घर से होते हुए पण्डित पुरवा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराया जाना (लगभग 01 कि0मी0)।
- जनपद अयोध्या के विकासखण्ड पूरा बाजार में काली माता मन्दिर, शान्तिपुर का जीर्णोद्धार कराया जाना।
- जनपद अयोध्या के करमा कोडरी में जोरिया से चमेली का डाड तक डामर सड़क का निर्माण कराया जाना (लगभग 600 मी0)।
- जनपद अयोध्या में गंगौली सम्पर्क मार्ग से राजकुमार वर्मा के क्रेशर से होते हुए ढोठिया के पूरवा तक डामर सड़क का निर्माण कराया जाना (लगभग 01 कि0मी0)।
- जनपद अयोध्या के विकासखण्ड पूरा बाजार में हनुमान जी मन्दिर, कछौली का जीर्णोद्धार कराया जाना।
- जनपद अयोध्या के सरैया में सुभाष इण्टर कालेज से देवरा सम्पर्क मार्ग पर बन्टी सिंह के बाग तक डामर सड़क का निर्माण कराया जाना (लगभग 01 कि0मी0)।
- जनपद अयोध्या में काशीपुरी मंदिर गोयडी, मिल्कीपुर का जीर्णोद्धार कराया जाना।
- जनपद अयोध्या के ग्राम मिल्कीपुर में दुर्गन मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जाना।
- जनपद अयोध्या के विकासखण्ड पूरा बाजार में माईराम की कुटिया, राजेपुर का जीर्णोद्धार कराया जाना।
- जनपद अयोध्या में विकासखण्ड पूरा बाजार के ग्रामसभा सनेथू में बारात घर का निर्माण कराया जाना।
- जनपद अयोध्या में विकासखण्ड माया बाजार के ग्राम सरैया में बारात घर का निर्माण कराया जाना।

7- श्री ओम प्रकाश गोयल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा जनपद सोनभद्र के ऐतिहासिक, वैदिक, प्राकृतिक एवं धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सोनभद्र एवं मीरजापुर जनपद में विकास हेतु निम्न सुझाव दिये गये:-

- राबर्ट्सगंज मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित लगभग 2000 वर्ष प्राचीन विजयगढ़ के किले को संरक्षित कर इसका विकास पर्यटन की दृष्टि से कराये जाने तथा इसके इतिहास से जुड़े तथ्यों के शिलापट्ट लगवाये जाना चाहिये।
- बारहवीं शताब्दी में जनजातियों तथा खरवार राजाओं द्वारा निर्मित अगोरी किला का संरक्षण कराते हुए पर्यटन विभाग द्वारा अतिथिगृह निर्माण कराकर पर्यटकों के लिये सुविधा उपलब्ध करायी जानी चाहिये तथा इसके ऐतिहासिक तथ्यों को संग्रहीत कर शिलापट्ट भी लगवाये जाने चाहिये।
- जनपद सोनभद्र एवं पड़ोसी राज्यों की जनजातियों के आस्था का केन्द्र दुद्धी तहसील के बीजपुर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर 'अजीरेश्वर धाम के समुचित विकास एवं अजीर नदी पर चेकडैम का निर्माण कराया जाना चाहिये।

- विजयगढ़ दुर्ग के नीचे मऊ गांव में उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग लखनऊ एवं क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई वाराणसी द्वारा निर्मित एवं संचालित स्थलीय संग्रहालय का संरक्षण एवं पर्यटकों के ठहरने के लिए अतिथिगृह का निर्माण कराया जाना चाहिये।
- राबर्ट्सगंज टाउन एरिया का गठन 05 अक्टूबर, 1928 को हुआ था। इसके प्रथम अध्यक्ष बद्री नारायण केशरवानी की स्मृति में उद्यान बनाया जाना चाहिये। इसके साथ ही क्रान्तिकारी एवं स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी रहे निर्वाचित प्रथम चेयरमैन बलराम दास केशरवानी की प्रतिमा स्थापित करायी जानी चाहिये।
- जनपद मीरजापुर सहित देश एवं प्रदेश में कविता व शायरी के माध्यम से धूम मचाने वाले हिन्दी, ऊर्दू, संस्कृत, अंग्रेजी भाषाओं के साहित्यकार राबर्ट्सगंज निवासी विश्वनाथ प्रसाद 'खादिम' उपाख्य बी0एन0 बाबू के नाम से नगर के मुख्य चौराहे का नामकरण कर खादिम साहब की प्रतिमा स्थापित करायी जानी चाहिये।
- सोनभद्र जनपद के राबर्ट्सगंज निवासी प्रख्यात साहित्यकार व प्रथम पत्रकार निरंजन लाल जालान के नाम से साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक व राजनैतिक आयोजनों के लिए एक सामुदायिक भवन/अतिथिगृह का निर्माण कराया जाना चाहिये।
- सोनभद्र नगर के मुख्य चौराहे से उत्तर की ओर जाने वाली सड़क का नामकरण प्रख्यात पत्रकार महाबीर प्रसाद जालान के नाम पर महाबीर प्रसाद जालान मार्ग किया जाना चाहिये।
- आदर्श नगर पालिका परिषद, सोनभद्र में सीवर लाइन की व्यवस्था करायी जानी चाहिये।
- जनपद मुख्यालय सोनभद्र नगर के चुर्क मोड़ के समीप स्थित रौप गांव में स्थित पंचमुखी पहाड़ी पर 10 हजार ईसा पूर्व आदिमानव द्वारा शैलाश्रित गुफा चित्रों वाली सोलह गुफाओं का अस्तित्व कायम है। इन गुफा चित्रों का संरक्षण, गुफाओं तक पर्यटकों को पहुंचने का मार्ग, लाईट एण्ड साउण्ड शो की व्यवस्था करायी जानी चाहिये।
- जिलाधिकारी, सोनभद्र के आवास के सामने स्थित आदिमानव द्वारा चित्रांकित चनाई मान की गुफा को संरक्षित कराया जाना चाहिये।
- सलखन में 160 करोड़ वर्ष पुराने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त फासिल्स पार्क को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर अतिथिगृह, पार्क, सांस्कृतिक तथा साहित्यिक आयोजनों हेतु भवन एवं भूतात्विक संग्रहालय की स्थापना, लाईट एण्ड साउण्ड शो की व्यवस्था करायी जानी चाहिये।
- मारकुण्डी घाटी के नीचे एक जनजातीय संग्रहालय की स्थापना, जनजातियों के साहित्य, कला, दैनिक जीवन में उपयोगी वस्तुओं का संग्रह कराया जाना चाहिये। इसके साथ ही ग्राम सलखन एवं पटवध के मध्य एक जनजातीय गांव भी स्थापित कराया जाना चाहिये। यहीं पर जनजातियों द्वारा उत्पादित दैनिक जीवन की उपयोगी वस्तुएं मोटे अनाज, खाद्य पदार्थ, जड़ी बूटियों एवं अन्य उत्पाद की बिक्री के लिए सरकारी सहयोग से रोजगार उपलब्ध कराते हुए उत्पाद बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध कराया जाना चाहिये।

- चोपन नगर के पास गोठानी गांव में सोन, रेणू व विजुल नदियों के त्रिवेणी संगम तट पर प्रत्येक वर्ष संस्कृति विभाग, उ0प्र0 की ओर से कुम्भ मेले का आयोजन तथा जल पर्यटन की व्यवस्था करायी जानी चाहिये।
- बिल्ली ओबरा रेलवे मार्ग के पास प्राकृतिक रूप से निर्मित डमडम गुफा, ओबरा नगर पानी की टंकी के पास पहाड़ी शिवमंदिर एवं भूतेश्वर दरबार आदि स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने तथा इन स्थानों तक पहुंचने के लिए मार्ग का निर्माण कराया जाना चाहिये।
- जन सुविधा के दृष्टिगत जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र दुद्धी नगर के मुख्य मार्ग से रेलवे स्टेशन तक के सम्पर्क मार्ग को ओवरब्रिज बनाकर जोड़ा जाना चाहिये।
- दुद्धी में ठेमा नदी का किनारा प्राकृतिक सुषमाओं /सौन्दर्य से युक्त है। इस स्थान को पयर्टन स्थल के रूप में विकसित कर जल पर्यटन की व्यवस्था करायी जानी चाहिये।
- सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं शादी विवाह के आयोजन हेतु दुद्धी नगर में बहुद्देशीय हाल, अतिथिगृह की स्थापना करायी जानी चाहिये।
- दुद्धी तहसील के प्रांगण में एक गौरव स्तम्भ की स्थापना करायी जाय जिस पर जनपद सोनभद्र के 112 स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों का नाम ऐतिहासिक घटनायें उत्कीर्ण करायी जानी चाहिये।
- सोनभद्र जनपद के प्रथम पद्मश्री राष्ट्रीय सद्भावना से सम्मानित, हिन्दू मुस्लिम एकता के सम्वाहक, वेद शास्त्रों के ज्ञाता, सनातन धर्म का विदेशों में प्रचार प्रसार करने वाले दुद्धी नगर निवासी स्व0 डा0 हनीफ मुहम्मद शास्त्री की स्मृति में एक उद्यान का निर्माण एवं इसमें उनकी आदम कद प्रतिमा स्थापित करायी जानी चाहिये।
- दुद्धी के जनजातीय बाहुल्य इलाका होने के परिप्रेक्ष्य में यहां के निवासियों का जीवन जंगली उत्पाद पर निर्भर है। अतः इनके आर्थिक उत्थान के लिए दुद्धी नगर में उत्पाद की बिक्री के लिए दुकान एवं बाजार उपलब्ध कराया जाना चाहिये।
- दुद्धी क्षेत्र के निवासियों के शैक्षणिक उत्थान के लिए राजकीय पुस्तकालय तथा वाचनालय स्थापित कराया जाना चाहिये।
- दुद्धी में जनजातीय संस्कृति एवं खेल के संरक्षण के लिए जनजातीय संग्रहालय, स्टेडियम तथा छात्रावास निर्मित कराया जाना चाहिये।
- कनहर बांध के पास खन्ता नामक प्राकृतिक स्थल 'गोवा' के समतुल्य होने के कारण यहां जल पर्यटन विकसित किया जा सकता है। इसके साथ ही पर्यटकों के लिए अतिथिगृह का निर्माण भी कराया जाना चाहिये।
- दुद्धी क्षेत्र पूर्व में मराठा राज्य के अन्तर्गत आता था। यह क्षेत्र छत्रपति शिवाजी महाराज की कर्म भूमि रहा है। इस क्षेत्र में अवस्थित शिवपहाड़ी शिवाजी की कर्म भूमि होने का प्रतीक है। अतः इस पहाड़ी को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित कर शिवाजी की भव्य प्रतिमा स्थापित करायी जानी चाहिये।

- ब्रिटिश कालीन अंग्रेज अधिकारी कैप्टन म्योर व पी0 विन्ढम के नाम वाले नगर म्योरपुर व विन्ढमगंज का नाम बदलकर दुद्धी के संस्थापक नन्हकू माझी के नाम पर तथा विन्ढमगंज का नाम बदलकर मुगलों से लड़ते-लड़ते बलिदान हो गये जनजातीय बीर बरियार शाह के नाम पर बीर बरियार शाह नगर किया जाना चाहिये।
- रिहन्द बांध को जल पर्यटन का केन्द्र बनाया जाना चाहिये।
- घोरावल मार्ग पर बहुआर गांव में अवस्थित कण्डा कोटेश्वर महादेव को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर यहां अवस्थित आदि मानव द्वारा चित्रांकित गुफा चित्रों को संरक्षित किया जाना चाहिये। इसके साथ ही बसन्त पंचमी पर लगने वाले विशाल मेले का आयोजन संस्कृति विभाग एवं पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित कराया जाना चाहिये।
- राबर्ट्सगंज के समीप मडरा के प्राचीन शिवमंदिर को संरक्षित कराया जाना चाहिये।
- राबर्ट्सगंज नगर में विश्वविद्यालय स्थापित कराया जाना चाहिये।
- शहीद उद्यान परासी में पुस्तकालय एवं संग्रहालय स्थापित कराया जाना चाहिये।
- घोरावल के तिलौली गांव में अवस्थित अंग्रेजों के समय की नील फैक्ट्री के भग्नावशेष को पर्यटन के स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिये।
- शाहगंज स्थित कैमूर वन्य जीव विहार लिखनिया, कैरी, छतमा, रनिवास, राजा का बैठका आदि पुरातात्विक स्थलों को संरक्षित कर गुफा चित्रों तक पर्यटकों को पहुंचने के लिए मार्ग का निर्माण कराया जाना चाहिये।
- उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग, लखनऊ द्वारा निर्मित एवं क्षेत्रीय पुरातत्व विभाग, वाराणसी द्वारा संचालित सतद्वारी के जीर्ण-शीर्ण स्थलीय संग्रहालय को संरक्षित कर इस संग्रहालय को पर्यटकों के लिए खोला जाना चाहिये एवं संग्रहित बेशकीमती ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित किया जाना चाहिये।
- 10वीं शताब्दी में निर्मित उमामहेश्वर की लास्यशैली की काले शिलौटी पत्थर की विश्व प्रसिद्ध दुर्लभ प्रतिमा, शिवद्वार मंदिर को विन्ध्य धाम की तर्ज पर कारीडोर बनाया जाना चाहिये।
- शक्तिनगर स्थित माँ ज्वालामुखी देवी धाम के पौराणिक, प्राचीन मंदिर को कारीडोर के रूप में विकसित किया जाना चाहिये।
- घोरावल स्थित मुक्खाफाल, जो भारत देश का इंग्लिश चैनल कहा जाता है, की गुफाओं में स्थित गुफा चित्रों को संरक्षित किया जाना चाहिये एवं गुफाओं तक पहुंचने का मार्ग भी निर्मित कराया जाना चाहिये।
- सावन के महीने में शिवद्वार मंदिर पर आयोजित काँवर यात्रा की व्यवस्था क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई वाराणसी, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग लखनऊ द्वारा करायी जानी चाहिये।
- सोनभद्र जनपद के घोरावल तहसील के शिल्पी गांव से होते हुए बनवासी राम,भार्या सीता एवं अनुज लक्ष्मण को वन ले गये थे। इस स्थल पर मर्यादा श्रीराम, माता सीता, अनुज लक्ष्मण की मूर्ति प्रतिमा स्थापित करायी जानी चाहिये।

- मीरजापुर जनपद के अहरौरा के पास स्थित लखनिया दरी एवं चूना दरी में स्थित आदि मानव द्वारा चित्रांकित गुफाओं, कन्दराओं के गुफा चित्रों को संरक्षित करते हुए यहां तक पहुंचने के लिए मार्ग का निर्माण कराया जाना चाहिये।
- अहरौरा बांध के पास स्थित बेलखरा के स्तम्भ को संरक्षित करते हुए पर्यटन केन्द्र की स्थापना करायी जानी चाहिये।
- अहरौरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष तथा अहरौरा के विकास पुरूष कहे जाने वाले रामजी केशरी जी द्वारा स्थापित नगर पालिका इण्टर कालेज में उनकी प्रतिमा स्थापित करायी जानी चाहिये।
- अहरौरा नगर में 13 अगस्त, 1942 को हुए नरसंहार में हुए बलिदान नागा प्रसाद विश्वकर्मा की स्मृति में उद्यान बनाया जाना चाहिये।
- सिक्खों के गुरू गोबिन्द सिंह जी का अहरौरा स्थित दस्खती गुरुद्वारा में आगमन हुआ था। यहां रखे पवित्र गुरूग्रन्थ साहिब पर उन्होने हस्ताक्षर किये थे। इसलिए इस गुरुद्वारे को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिये।
- अहरौरा नगर को पर्यटन गांव के रूप में विकसित किया जाना चाहिये।
- पर्यटकों की यात्रा के लिए अहरौरा परिपथ की स्थापना की जानी चाहिये जिसमें भण्डारी देवी, अशोक का शिलालेख, किला, बांध, गुरुद्वारा, दुर्गा जी एवं बेलखरा का स्तम्भ आदि स्थलों का पर्यटक एक दिन में ही पर्यटन कर सके।
- अहरौरा में प्रख्यात स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी बद्री प्रसाद 'आजाद' की स्मृति में उनके नाम पर राजकीय पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना करायी जानी चाहिये।
- अहरौरा नगर को काशी के पर्यटन केन्द्रों से स्थल मार्ग से जोड़े जाने तथा पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटकों के आवागमन के लिए व्यवस्था करायी जानी चाहिये।
- अहरौरा नगर में आने वाले पर्यटकों के लिए विश्राम गृह की स्थापना करायी जानी चाहिये।
- मीरजापुर के गंगा घाटों पर जल पर्यटन की व्यवस्था करायी जानी चाहिये।

8- श्री जितेन्द्र नाथ पाण्डेय, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- कृषकों को पशुपालन से होने वाले विभिन्न लाभों यथा- गोबर से गोबर गैस प्लांट चलाकर उत्पन्न गैस का उपयोग भोजन बनाने में करने, गोबर गैस प्लाण्ट से निकलने वाली खाद का उपयोग जैविक खाद के रुप में करने के दृष्टिगत पशुपालन को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये।
- दुग्ध उत्पादन के उपरान्त इसकी खपत के लिए एक पराग डेयरी की स्थापना करने की आवश्यकता पर विचार करना।
- पूर्वान्चल क्षेत्र में आलू का उत्पादन बहुत अधिक होता है। इसी प्रकार बलिया जनपद के पूर्वी क्षेत्र में रबी के सीजन में काफी मात्रा में मक्का का उत्पादन होता है। अतः पी0पी0पी0 माडल पर पापड़, चिप्स, दलिया बनाने की इकाइयां स्थापित करने पर युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार सृजन कराया जा सकता है।

- पूर्वान्चल क्षेत्र में कृषकों द्वारा टमाटर की खेती बहुतायत में होने के कारण स्थानीय स्तर पर टमैटो-सॉस बनाने से सम्बन्धित इकाइयों की स्थापना से युवाओं को रोजगार सृजन कराये जाने पर विचार किया जा सकता है।
- बलिया जनपद में पूरे दोआबा में परवल की खेती किसान करते हैं। इसी प्रकार शिमला मिर्च और मशरूम की खेती को प्रोत्साहन देकर युवा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने पर विचार किया जा सकता है।
- गाजीपुर जनपद में विकासखण्ड सादात के बहरियाबाद से बाजार तिरवा, आजमगढ़ को जाने वाली सड़क का पुनर्निर्माण एवं सड़क के चौड़ीकरण कराने पर गम्भीरतापूर्वक विचार करना।
- गाजीपुर जनपद के विकासखण्ड मरदह में मटेहूँ से सलामतपुर जाने वाली सड़क (लगभग 10 किमी0) पूर्णतः क्षतिग्रस्त होने के कारण इसके पुनर्निर्माण एवं चौड़ीकरण पर गम्भीरतापूर्वक विचार करना।
- जनपद गाजीपुर के विकासखण्ड मरदह में स्थित भगवान शंकर के ऐतिहासिक मंदिर का सुन्दरीकरण तथा इसे पर्यटन स्थल घोषित कराना।
- जनपद गाजीपुर, विकासखण्ड मरदह में ब्लाक रोड़ वाली सड़क (लगभग 2 किमी0) क्षतिग्रस्त होने के कारण इसकी मरम्मत एवं दोनों तरफ नाली बनवाने पर विचार करना।
- जनपद मऊ में बढ़ुआ गोदाम से ऐतिहासिक वन देवी मंदिर तक जाने वाली सड़क (लगभग 7 कि0मी0) की मरम्मत एवं चौड़ीकरण कराने पर विचार करना।
- जनपद मऊ में ऐतिहासिक वन देवी मंदिर का जीर्णोद्धार कराना।

9- श्री विजय शंकर यादव, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा अवगत कराया गया कि मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के चहुँमुखी विकास हेतु सरकार द्वारा विभिन्न योजनायें/कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं जिससे प्रदेश की जनता के जीवन स्तर में निरंतर उन्नति हो रही है। बोर्ड द्वारा पूर्व बैठकों में दिये गये बहुमूल्य सुझावों पर विभागों द्वारा सम्यक परीक्षण कर यथासम्भव कार्यवाही भी की जा रही है। इसके साथ ही मा0 सदस्य द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- नगर पंचायत पीपीगंज वार्ड न0-06 में पुरानी क्रासिंग बढ़या रोड पर बरसात में लगभग 500 मीटर क्षेत्र जलमग्न रहता है। अतः जल निकासी हेतु वार्ड न0-06 पुरानी क्रासिंग बढ़या रोड से पचगॉवा सीमा के गोडवारी पुल तक जनहित में नाला निर्माण कराये जाने की आवश्यकता होना।
- जनपद गोरखपुर में रिगौली-बढ़या बांध से सटे कतिपय गांवों के पास हो रहे राप्ती नदी के कटान को रोकने हेतु जनहित में निम्न कार्यों को कराया जाना अति आवश्यक है:-
  - ➢ जनपद गोरखपुर में स्थित राप्ती नदी के बायें तटबंध पर रिगौली-बढ़या तटबंध के कि0मी0 8.835 से 9.800 के मध्य ग्राम पंचायत हिरूआ के लक्ष्मीपुर एवं हिरूआ खास गांव के सामने हो रहे कटान को बचाने हेतु कटाव निरोधक कार्य की परियोजना।

- ➢ जनपद गोरखपुर में स्थित राप्ती नदी के बायें तटबंध पर रिगौली-बढ़या तटबंध कि0मी0 3.845 से 4.950 के मध्य ग्राम पंचायत जगदीशपुर गॉव के सामने से हो रहे कटान को बचाने हेतु कटाव निरोधक कार्य की परियोजना।
- ➢ जनपद गोरखपुर में स्थित राप्ती नदी के बायें तटबंध पर रिगौली-बढ़या तटबंध के कि0मी0 2.00 से 3.00 के मध्य ग्राम पंचायत रामनगर केवटलिया के ग्राम नेतवर के सामने हो रहे कटान को बचाने हेतु कटाव निरोधक कार्य की परियोजना।

उक्त क्रम में मा0 सदस्य द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि सन्दर्भित परियोजनाओं की उ0प्र0 राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद के तकनीकी सलाहकार समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण से सम्बन्धित कार्यवाही प्रगति पर है, जिसमें त्वरित गति से निर्णय लिये जाने की आवश्यकता है।

10- श्री जय प्रकाश निषाद, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- मत्स्य पालन हेतु गठित सहकारी समितियों की बैठकें/सेमिनार कराकर उनको सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराना।
- कृषि एवं उद्योग के क्षेत्र में नई-नई तकनीकों तथा नई-नई विधियों से किसानों एवं व्यापारियों की आय में वृद्धि हेतु प्रयास करना।
- सहकारी समितियों का गठन कर मछुआ समुदाय के व्यक्तियों की आर्थिक स्थिति बेहतर बनाना।
- मत्स्य पालन हेतु मृदा परीक्षण की जॉच कराने के उपरान्त मत्स्य की लाभकारी प्रजाति के संबंध में मत्स्य पालकों को जानकारी देना।
- दुग्ध संग्रह में वृद्धि हेतु नवीन समितियों का गठन तथा पुरानी समितियों का संचालन अच्छे तरीके से कराना।
- प्रदेश के पूर्वान्चल क्षेत्र में मछुआरा विश्वविद्यालय की स्थापना पर विचार करना।
- एन0डी0आर0एफ0 में मछुआरों को पर्याप्त आरक्षण दिये जाने पर विचार किया जाना।
- ग्राम पंचायत जलालपुर, विकासखण्ड बीकापुर, जनपद अयोध्या में एक बारात घर का निर्माण कराना।
- ग्राम पंचायत जलालपुर, विकासखण्ड बीकापुर, जनपद अयोध्या में राजकीय नलकूप स्थापित कराना।
- ग्राम पंचायत जलालपुर, विकासखण्ड बीकापुर, जनपद अयोध्या में सौर ऊर्जा लाइट की व्यवस्था कराना।
- ग्राम पंचायत तोरोमाफी, विकासखण्ड बीकापुर, जनपद अयोध्या में सीताकुण्ड के पास एक बारात घर का निर्माण कराना।
- विकास खण्ड बीकापुर, जनपद अयोध्या में उमरनी पिपरी चौराहे से साधन सहकारी समिति भीखीसराय तक पिच रोड का निर्माण (लम्बाई 1200 मीटर)।

- ग्राम पंचायत भावापुर, विकासखण्ड बीकापुर, जनपद अयोध्या में बारात घर का निर्माण कराना।
- ग्राम पंचायत परोमा, विकासखण्ड बीकापुर, जनपद अयोध्या में बारात घर का निर्माण कराना।
- ग्राम पंचायत परोमा, विकासखण्ड बीकापुर, जनपद अयोध्या में राजकीय नलकूप स्थापित कराना।
- ग्राम पंचायत जैनपुर, विकासखण्ड बीकापुर, जनपद अयोध्या में बारात घर का निर्माण कराना।
- ग्राम पंचायत सोनवरसा माफी बनगोड़ा, विकास खण्ड बीकापुर, जनपद अयोध्या में बारात घर का निर्माण कराना।
- ग्राम पंचायत चॉदपुर, विकासखण्ड बीकापुर, जनपद अयोध्या में बारात घर का निर्माण कराना।
- ग्राम पंचायत दशरथपुर, विकासखण्ड बीकापुर, जनपद अयोध्या में राजकीय नलकूप स्थापित कराना।
- विकासखण्ड पूराबाजार, जनपद अयोध्या में एमी आलापुर साकलदेवी पुरवा में सीताराम निषाद के घर से एनीघटवा तक रामतीर्थ निषाद के घर तक सड़क का निर्माण (लम्बाई 900 मीटर)।
- विकासखण्ड पूराबाजार, जनपद अयोध्या में करौंधी राम बहोर के घर से खजुवा तालाब तक नाला एवं इण्टरलाकिंग कार्य (लगभग 200 मी0)।
- विकासखण्ड पूराबाजार, जनपद अयोध्या में पिठेवा गाँव में नहर से गाँव तक पक्की सड़क का निर्माण (लम्बाई 800 मी0)।
- विकासखण्ड पूराबाजार, जनपद अयोध्या में एमी आलापुर की तारापुर निषाद बस्ती में बारात घर का निर्माण कराना।
- ग्राम पंचायत भोपा डुहिया, विकासखण्ड तारुन, जनपद अयोध्या में बारात घर का निर्माण कराना।
- ग्राम पंचायत भोपा डुहिया, विकासखण्ड तारुन, जनपद अयोध्या में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कराना।
- ग्राम पंचायत भोपा डुहिया, विकासखण्ड तारुन, जनपद अयोध्या में सौर ऊर्जा लाइट की व्यवस्था कराना।
- ग्राम पंचायत तारुन, विकासखण्ड तारुन, जनपद अयोध्या में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कराना।
- ग्राम पंचायत तारुन, विकासखण्ड तारुन, जनपद अयोध्या में बारात घर का निर्माण कराना।
- ग्राम पंचायत भदार, विकासखण्ड तारुन, जनपद अयोध्या में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कराना।
- ग्राम पंचायत भदार, विकासखण्ड तारुन, जनपद अयोध्या में सौर ऊर्जा लाइट की व्यवस्था कराना।
- ग्राम पंचायत बरेहठा (खलवईया), विकासखण्ड तारुन, जनपद अयोध्या में बारात घर का निर्माण कराना।

- ग्राम पंचायत बरेहठा (खलवईया), विकासखण्ड तारुन, जनपद अयोध्या में विद्युतीकरण (निषाद बस्ती खलवईया) कराना।
- ग्राम पंचायत बरेहठा (खलवईया), विकासखण्ड तारुन, जनपद अयोध्या में राजकीय नलकूप स्थापित कराना।
- ग्राम पंचायत बरेहठा (खलवईया), विकासखण्ड तारुन, जनपद अयोध्या में डा0 शशिकान्त के घर से काशीपुर गाँव तक पक्की सड़क का निर्माण कराना (लगभग 2.5 किमी0)।
- ग्राम पंचायत घूरीटीकर, विकासखण्ड तारुन, जनपद अयोध्या में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कराना।
- ग्राम पंचायत घूरीटीकर, विकासखण्ड तारुन, जनपद अयोध्या में सौर ऊर्जा लाइट की व्यवस्था कराना।
- ग्राम पंचायत बराव, विकासखण्ड तारुन, जनपद अयोध्या में बराव गाँव से पक्की सड़क तक सड़क का निर्माण (लम्बाई 700 मी0)।
- ग्राम पंचायत ग्यासपुर, विकासखण्ड तारुन, जनपद अयोध्या में नलकूप की स्थापना कराना।
- ग्राम पंचायत कांधरपुर, विकासखण्ड तारुन, जनपद अयोध्या में गंगापुर गाँव से पक्की सड़क तक सड़क निर्माण कराना (लम्बाई 400 मी0)।

11-श्री राजकुमार शाही, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- वर्तमान में कृषकों को कृषि कार्य हेतु डी0ए0पी0 की अत्यधिक आवश्यकता के क्रम में डी0ए0पी0 की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कराना।
- जनपद देवरिया में कई स्थानों पर सरकारी ट्यूबवेलों से सम्बन्धित कई माह से जले हुए ट्रान्सफार्मरों को ठीक कराया जाना।
- धान की खरीद सुनिश्चित कराना।
